(ग) पेनिसिलीन-जी के संवितरण के संबंध में सरकार की वर्तमान नीति क्या है ;

(घ) इस प्रपुंज औषधि का देश में ही उत्पादन करने की वर्तमान क्षमता कितनी है ;

(ङ) इस औषधि की प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खपत कितनी है ; और

(च) इस समय देश में इस प्रपुंज औषधि के उत्पादन के लिये कितनी क्षमता का उपयोग हो रहा है, देश में पेनिसिलीन प्रपुंज औषधि के उत्पादन की मात्रा तथा इसके व्युत्पन्नों का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगलराव) : (क) आयात एवं निर्यात मुख्य नियंत्रक के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार पूरक लाइसेंसिंग समिति द्वारा वर्ष 1986-87 के दौरान आयात के लिये अनुमोदित पेनिसिलीन जी प्रपुंज औषध की कुल मात्रा 653.20 एमएमयू० थी ।

चूंकि आयात के लिये लाइसेंस 18 माह की वैधता के साथ जारी किये जाते हैं, अतः वर्ष 1986-87 के दौरान वास्तव में आयात की गई पेनिसिलीन-जी की मात्रा बताना संभव नहीं है ।

(ख) स्वीकृत किये गये आयात लाइसेंसों के ब्यौरे सी०सी०आई० एंड ई० के कार्यालय द्वारा "वीकली बुलेटिन आफ इंडस्ट्रियल लाइसेंसेज, इम्पोर्ट लाइसेंसेज एंड एक्सपोर्ट लाइसेंसेज" में प्रकाशित किये जाते हैं, जिसकी प्रतियां संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है ।

(ग) वर्तमान आयात नीति के अन्तर्गत, पेनिसिलीन जी० सीमित अनुमेय मदों (परिशिष्ट-3ए) की सूची में है । विद्यमान एककों को पेनिसिलीन-जी के आयात की अनुमति मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार दी जाती है जिससे वे 6-एपीए के निर्माण के लिये अपनी आवश्यकतायें पूरी कर सकें, यह अनुमति इस आधार पर दी जाती है कि उसके द्वारा 790 (आयातित): 30 (स्वदेशी) के अनुपात में स्वदेशी माल उठाया जायेगा ।

(घ) स्वदेशी उत्पादन की वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता 537 एम०ए०यू० है ।

(ङ) पेनिसिलीन-जी का प्रयोग 6-एपीए और 7-एडीसीए जैसे मध्यवर्तियों और विभिन्न अन्य लवणों जैसे पोटेशियम पेनिसिलीन जी-आई०पी०, सोडियम पेनिसिलीन जी०आई०पी० आदि जिनका प्रयोग सूत्रयोगों के निर्माण के लिये प्रपुंज औषध के रूप में किया जाता है, के उत्पादन के लिये किया जा रहा है ।

(च) गत तीन वर्षों के दौरान प्रपुंज पेनिसिलीन का उत्पादन निम्न प्रकार हुआ था:—

	एमएमयू
1984-85 . .	221.68
1985-86 . .	269.11
1986-87 (फरवरी तक) . .	242.33

Setting up of Petro-Chemical Plant at Vizag

*260. SHRI R. SAMBASIVA RAO: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to set up a petro-chemical plant at Vizag in Andhra Pradesh; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO): (a) and (b) Some proposals for the setting up of a petro-chemical complex at Vizag in Andhra Pradesh have been received Final decision on these proposals has not yet been taken Details of such proposals are not disclosed till the final decision is taken on them.